दैनिक भास्कर 30/05/2024

प्रदेश में पहली बार जीएमएन कॉलेज में शुरू होगा बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स, 60 सीटें रखी

जीएमएन कॉलेज अम्बाला कैंट में इस बार बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स की शुरुआत होने जा रही है, जिसके लिए कॉलेज की ओर से इस कोर्स के लिए 60 सीटें रखी गई हैं। कॉलेज के नोडल अधिकारी श्याम रहेजा के अनुसार पूरे प्रदेश में पहली बार इस कोर्स का संचालन सबसे पहले जीएमएन कॉलेज में ही किया जा रहा है। साथ ही पीजी के लिए एमसीए और एमबीए कोर्स भी इसी सत्र से शुरू किया जा रहा है। वहीं, जीएमएन नर्सिंग कॉलेज की इसी सत्र से शुरुआत होने जा रही है। नर्सिंग कॉलेज के प्रिसिंपल रामलखन ने बताया कि इसी सत्र से बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम जैसे कोर्स की कॉलेज में शुरुआत की जा रही है, जिससे नर्सिंग की ओर रुझान रखने वाले बच्चों को काफी फायदा मिलेगा। अम्बाला कैंट के गवर्नमेंट कॉलेज की ओर से एमएससी मैथ और एसए मास कम्यूनिकेशन कोर्स का संचालन शुरू करने के लिए हायर एजुकेशन को डिमांड भेजी गई है।